प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य में डीएमएफटी खर्च में अनियमितता की आशंका, सरकार ने विशेष ऑडिट कराने का दिया निर्देश, पांच माह में मांगी रिपोर्ट।**
2. **राज्य के पुलिसकर्मियों को अब मिलेगा 10 लाख रुपये का अतिरिक्त जीवन बीमा, पुलिस मुख्यालय ने एसबीआई के साथ किया एमओयू।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट ने बालू समेत लघु खनिजों के आवंटन पर लगी रोक हटाने से किया इनकार, राज्य सरकार से मांगा जवाब।**
4. **घाटशिला उपचुनाव में उम्मीदवार को लेकर झामुमो और भाजपा दोनों में सस्पेंस बरकरार, 13 अक्तूबर को जारी होगी अधिसूचना।**
5. **लखनऊ में खेले गये वीनू मांकड़ ट्राफी के एक रोमांचक मुकाबले में झारखंड ने जम्मू कश्मीर को चार विकेट से हराया, बीसीसीआई सीनियर महिला टी–20 में झारखंड ने गोवा को दी शिकस्त।**

****

डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट, डीएमएफटी की राशि के दुरुपयोग की मिल रही शिकायतों को देखते हुए राज्य सरकार गंभीर है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने डीएमएफटी खर्च का विशेष आडिट कराने का निर्देश दिया है। पहले चरण में पांच जिलों धनबाद, चाईबासा, चतरा, रामगढ़ और पलामू में डीएमएफटी फंड की जांच होगी।

****

झारखंड पुलिस मुख्यालय और एसबीआई के अधिकारियों के बीच सैलरी पैकेज एमओयू से संबंधित सुविधाओं को लेकर नए सिरे से एमओयू किया गया है। पुलिस मुख्यालय सभागार में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने एमओयू के बारे में जानकारी दी। मौके पर एसबीआई के पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी मौजूद थे। डीजीपी ने बताया कि अब इस एमओयू के अंतर्गत 10 लाख का जीवन बीमा भी जोड़ा गया।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने बालू घाटों और लघु खनिजों के आवंटन पर लगी रोक हटाने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने इस मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि जब तक कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हो जाता, तब तक रोक जारी रहेगी। अगली सुनवाई के लिए 30 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की गई है। कोर्ट ने कहा कि जब तक राज्य में पेसा नियमावली लागू नहीं होगी, यह रोक जारी रहेगी।

****

राज्य में घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं लेकिन भाजपा और झामुमो में उम्मीदवार चयन को लेकर सस्पेंस बरकरार है। दोनों बड़े दलों ने अब तक अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। घाटशिला उपचुनाव की अधिसूचना 13 अक्तूबर को जारी होगी। इस बीच भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने कहा है कि केन्द्रीय चुनाव समिति जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा कर देगी। उन्होंने दावा किया कि सरकार की विफलता का फायदा एनडीए को इस चुनाव में मिलेगा।

इधर, झामुमो ने भी अपनी जीत का दावा किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि झामुमो एक बार फिर घाटशिला सीट बड़े अंतर से जीतेगा।

****

लोहरदगा जिले में एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गयी है। घटना जिले के अति सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग गांव की है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

****

एसएससी सीजीएल–2025 में बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के इनफिनिटी डिजिटल जोन में एसएससी सीजीएल परीक्षा में कदाचार करते पकड़े गये छात्र आइके गुजराल के मामले में पुलिस ने सेंटर के संचालक मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज सुनिए हरियाणा राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट

****

लोहरदगा जिले में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

****

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड से मानसून की वापसी शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने बताया कि कल से राज्य में मौसम शुष्क रहेगा और 13 अक्तूबर से आसमान पूरी तरह साफ हो जायेगा।

****

वीनू मांकड़ ट्रॉफी में झारखंड ने जम्मू–कश्मीर को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। यह मैच लखनऊ में खेला गया। इस जीत के साथ झारखंड ने टूर्नामेंट में 4 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की। झारखंड की ओर से सलामी बल्लेबाज सौरभ कुमार ने 124 गेंदों का सामना करते हुए 10 चौकों और 1 छक्के की मदद से 95 रन बनाए।

****

उधर, रायपुर में आयोजित सीनियर महिला क्रिकेट टी–20 ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में झारखंड ने गोवा को 7 विकेट से पराजित किया।

****

झारखंड के दिग्गज पावरलिफ्टर सरदार इंद्रजीत सिंह ने हांगकांग में चल रही एशियन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यह उपलब्धि उन्होंने 70 वर्ष मास्टर्स आयु वर्ग में हासिल की है।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रिम्स जीबी की बैठक में लिये गये निर्णयों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–सेंटर पर पहुंच चुके थे अभ्यर्थी, जेएसएससी ने रद्द कर दी परीक्षा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फरवरी में, मार्च में जेटेट भी।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–सदर अस्पताल में मरीज को मिला फंगस वाला टैबलेट, जांच शुरु।

दैनिक जागरण लिखता है–जहरीला कफ सीरपः निर्माता इकाइयों का होगा ऑडिट।

********समाप्त************